Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 8

Total No. of Questions : 21

पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड

**विषय कोड : 616**

## सामान्य हिंदी

### पञ्चम् प्रश्नपत्र

समय : $1\frac{1}{2}$ घण्टे | पूर्णांक : 50

---

निर्देश : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 0.5 ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है।

(4) प्रश्न 6 से 15 तक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

(5) प्रश्न 16 से 18 तक के लिए $2\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं।

(6) प्रश्न 19 के लिए 2 अंक तथा 20 के लिए 3 अंक।

(7) प्रश्न 21 के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन करके कीजिए : 2.5

(*i*) योगी अरविन्द के गुरु का नाम ...................... था।

(रामाचंद/ब्रह्मानंद)

(*ii*) 'तुम्हारी विरासत' कविता ...................... है।

(आस्थावादी/आदर्शवादी)

(iii) 'कमल' शब्द का पर्यायवाची है।

(पंकज/गुलाब)

(iv) तुलसीदास की पत्नी का नाम ...................... था।

(रत्नावली/हुलसी)

(v) हल चलाने वाले ...................... का हवन किया करते हैं।

(श्रम/शरीर)

2. सही विकल्प चुनकर लिखिए : 2.5

(i) 'राष्ट्र संवर्धन' का सबसे प्रबल कार्य है :

(क) साहित्य की साधना

(ख) संस्कृति की साधना

(ग) कला की साधना

(घ) संगीत की साधना

(ii) 'तुम्हारी विरासत' कविता का स्वर है :

(क) निराशावादी

(ख) यथार्थवादी

(ग) आस्थावादी

(घ) आदर्शवादी

(iii) समास के पद होने चाहिए :

(क) तीन

(ख) दो

(ग) चार

(घ) एक

(iv) यह कुटुम्ब एक महान वृक्ष है, हम सब इसकी डालियाँ हैं। यह कथन है :

(क) परेश का

(ख) कर्मचंद का

(ग) दादाजी का

(घ) इन्दु का

(v) 'मजदूरी और प्रेम' निबन्ध के अनुसार सच्चा आनंद प्राप्त होता है :

(क) साधना से

(ख) सोने से

(ग) श्रम से

(घ) गाने में

3. सत्य/असत्य वाक्य का चयन कीजिए : 2.5

(i) 'मेरी जीवन रेखा' आत्मकथा विधा की रचना है।

(ii) 'वह देश कौनसा है ?' कविता में व्यापारियों का आह्वान किया गया है।

(iii) शबरी ने श्रीराम-लक्ष्मण को खाने के लिए मीठे बेर दिये।

(iv) शास्त्रों के अनुसार यम और इन्द्र दोनों को राजा माना गया है।

(v) एक अंक वाली नाट्य रचना नाटक कहलाती है।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर **एक वाक्य** अथवा **एक शब्द** में दीजिए : 2.5

(i) कर्म करने में तत्पर व्यक्ति।

(ii) इतिश्री होना का क्या अर्थ है।

(iii) 'समय नहीं मिलता' पाठ के लेखक कौन हैं ?

(iv) पूर्ण विराम का प्रयोग कब किया जाता है ?

(v) कलिंग की महारानी कौन थी ?

5. स्तम्भ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए : 2.5

| स्तम्भ 'क' | | स्तम्भ 'ख' | |
|---|---|---|---|
| (*i*) | पृथ्वी का स्वर्ग | (1) | चिरंजीवी |
| (*ii*) | लम्बे समय तक जीने वाला | (2) | कश्मीर |
| (*iii*) | सूखी डाली | (3) | लेखक की निजी वस्तु |
| (*iv*) | डायरी | (4) | जिस पर विचार चल रहा हो |
| (*v*) | विचाराधीन | (5) | उपेन्द्रनाथ अश्क |

6. तुलसीदास जी का राम से कैसा नाता है ? 2

**अथवा**

हमें दुराग्रह क्यों छोड़ देना चाहिए ?

7. "कश्मीर की मिट्टी में ही प्यार-मुहब्बत की महक है।" इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

दीर्घ जीवन के मुख्य सूत्र क्या हैं ?

8. वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को क्यों रहती है ? 2

**अथवा**

संस्कृति से लेखक का क्या आशय है ?

9. कहानी के प्रमुख तत्व कितने हैं ? नाम लिखिए। 2

**अथवा**

बाबू गुलाब राय जी के मतानुसार निबंध की परिभाषा लिखिए।

10. इण्डियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने कौनसी पुस्तक लिखी ? 2

**अथवा**

पृथ्वी और नारी को क्षमाशील क्यों कहा गया है ?

11. ''मनुष्य की पीड़ा गूँगी होकर भी गाने में समर्थ है''—का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

''अशोक का हृदय परिवर्तन'' का केन्द्रीय भाव लिखिए।

12. रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ? इस विधा के **दो** लेखकों के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

संस्मरण का शाब्दिक अर्थ लिखते हुए **दो** संस्मरण लेखकों के नाम लिखिए।

13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 2

(*i*) आकाश छूना

(*ii*) पेट पूजा करना।

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए :

(*i*) नव ग्रह

(*ii*) तपोधन।

14. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

(*i*) कंचन

(*ii*) अमृत।

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(*i*) चंचल

(*ii*) स्थूल।

15. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

(*i*) रवि बाजार जा रहा है। (प्रश्नवाचक वाक्य)

(*ii*) गणित का प्रश्नपत्र कठिन है। (निषेधात्मक वाक्य)

**अथवा**

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(*i*) अमित को अनुत्तीर्ण होने की आशा है।

(*ii*) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

16. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मुस्कुराना क्यों आवश्यक है ? 2.5

**अथवा**

कवि के अनुसार 'चरण रत्नेश धो रहा' से क्या तात्पर्य है ?

17. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 2.5

बादल टूटे बरसा जीवन
भींगा मरूथल, महका मधुवन
पेड़ों की छांह हुई गहरी,
इसका साथी दिन का प्रहरी।

**अथवा**

व्योम को छूते हुए दुर्गम पहाड़ों के शिखर
वे घने जंगल जहाँ रहता है तम आठों पहर।

: 8

21

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2.5

मानव प्रकृति का अंग है फिर भी न जाने प्रकृति से परोपकार का गुण क्यों नहीं सीखता ? जिस धर्म का नाम लेकर वह रात-दिन शोर मचाता है, उसी धर्म के मूल स्वरूप दया-करुणा को वह भूल क्यों जाता है। वास्तव में करुणा ईश्वरीय गुण है। मानव धर्म को तीन भागों रक्षा, पालन, रंजन में बाँटा गया है। दया, करुणा तथा परोपकार का सीधा सम्बन्ध धर्म से ही है।

; : 5

**प्रश्न :**

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक दीजिए।

(ख) मानव किसका नाम लेकर शोर मचाता है ?

(ग) मानव का विलोम शब्द क्या है ?

(घ) मानव धर्म को कितने भागों में बाँटा गया है ?

(½)

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2

हे नवयुवाओं! देशभर की दृष्टि तुम पर है लगी,
हे मनुज! जीवन की तुम्हीं में ज्योति सबसे जगमगी।
दोगे न तुम तो कौन देगा योग देशोद्धार में ?
देखो कहाँ क्या हो रहा है आजकल संसार में ?

**प्रश्न :**

(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) कवि के अनुसार देशभर की दृष्टि कहाँ लगी है ?

20. अपनी पढ़ाई के बारे में जानकारी देते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए। [illegible]

**अथवा**

अपने जिले के जिलाधिकारी को पत्र लिखिए जिसमें परीक्षाकाल में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों (लाउडस्पीकर) के बजाने पर रोक लगाने का निवेदन हो।

21. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : 5

(*i*) राष्ट्रीय एकता

(*ii*) पर्यावरण प्रदूषण

(*iii*) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(*iv*) विद्यार्थी और अनुशासन

(*v*) खेलों का महत्व।